तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 18 मई 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 हमारी जनगणना, हमारा विकास अभियान से गूंजा चरचा कॉलरी



## खबर संक्षेप

### वन अधिकार समिति की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की समीक्षा बैठक 18 मई को दोपहर 3 बजे आदिवासी विकास विभाग कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत त्रुटिपूर्ण वन अधिकार पत्र मान्यता पत्रों की समीक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

### मारपीट से दुखी युवक ने की थी आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** सरगवां के पतरापारा में पिछले माह युवक द्वारा घर के समीप पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत तीन लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। मर्ग जांच में पता चला कि तीनों युवकों ने मृतक की मां को डीजे में नाचने के लिए कहा तो पुत्र ने विरोध करने से उसकी पिटाई कर दी। सरगवां पतरा पारा निवासी रूकचंद नागेश आ. अमरसाय नागेश (25 वर्ष) 27 अप्रैल को गांव के पण्डा नामक व्यक्ति के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां डीजे साउंड में गांव वाले नाचगान कर रहे थे। इसी बीच रात 1 बजे रूकचंद की मां को कबिलासों को राम प्रसाद, राजनाथ व अजीत नाचने के लिए बोलने लगे तो रूकचंद विरोध करने लगा। जिस पर तीनों ने उसके साथ जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से दुखी युवक ने तड़के घर पहुंचा और घटना की जानकारी बहन को दी जिसके बाद घर से चला गया। सुबह युवक का शव घर के समीप पेड़ में मृत हालत में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात पूछताछ किया तो मामले का खुलासा हुआ। मामले में पुलिस ने राम प्रसाद, राजनाथ व अजीत के विरूद्ध धारा 108,3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### लिब्रा वाटर फाल में डूबने से बीएससी छात्र की मौत

**अंबिकापुर।** लिब्रा वाटर फाल में डूबने से युवक की मौत हो गई। मृतक बीएससी का छात्र था और



अपने दोस्तों के साथ नहाने गया हुआ था। इस दौरान गहरे पानी में जाने के कारण वह डूब गया। दोस्तों व स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। वहीं लिब्रा वाटर फाल में हर साल डूबने से लोगों की मौत होने के बाद भी अब तक सुरक्षा के कोई इन्ज्ताम नहीं किए गए है। बताया जा रहा है कि बतौली के पोकसरी कूडोपहरी निवासी 20 वर्षीय इंद्रदेव पैकरा उर्फ अमन आ. संजय कुमार पैकरा अंबिकापुर में रहकर बीएससी की पढ़ाई करता था। इंद्रदेव पैकरा शनिवार को अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए लिब्रा वाटर फाल में गया हुआ था। सभी दोस्त वाटर फाल में नहा रहे थे इसी बीच इंद्रदेव और रोहित प्रधान गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। युवकों को डूबता देख दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन छटपटाने के कारण इंद्रदेव और भी गहरे पानी में चला गया और डूब गया। शोर सुनकर मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने दोस्तों की मदद से युवक को बाहर निकाला। पानी से बाहर निकालने के बाद युवक की सांसे चल रही थी जिसके बाद उसे उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बीएससी छात्र की मौत से परिजन सदमें में है।

## 10 हजार मातृशक्तियों ने सिर पर उठाया कलश, 5 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा ने रचा इतिहास

# जय श्रीराम के नारों से गूंजा चिरमिरी, निकली कलश यात्रा

**डोमनहिल/वेस्ट चिरमिरी।** एमसीबी जिले के चिरमिरी क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 17 मई से आयोजित होने जा रही जगद्गरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य महाराज की श्रीराम



कथा के शुभारंभ से पूर्व रविवार को सरगुजा संभाग की सबसे भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

सनातन परंपरा के अनुसार कथा के निर्विघ्न संपन्न होने एवं आध्यात्मिक वातावरण निर्माण के उद्देश्य से निकाली गई। इस ऐतिहासिक यात्रा में 10 हजार से अधिक मातृशक्तियों ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया, जबकि लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा चिरमिरी क्षेत्र राममय हो उठा। चिरमिरी बड़ा बाजार स्थित सीताकुंड से प्रारंभ हुई यह भव्य कलश





**आकर्षक झांकियां से भक्तिमय रहा शहर:** आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगभग 100 नर्सिंग स्टाफ आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के लिए यात्रा के साथ पैदल चलते रहे। यात्रा में ड्रोन के माध्यम से हनुमान जी के स्वरूप द्वारा पुष्प वर्षा की गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं रामरथ में भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान जी की आकर्षक झॉंकियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रामरथ में द्वारपाल के रूप में सजे हनुमान स्वरूप विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वयं कलश यात्रा की अगवानी करते नजर आए।

यात्रा करीब 5 किमी लंबी रही, जिसकी कतार लगभग साढ़े तीन किमी तक फैली नजर आई। जय श्रीराम और रामधुन के उद्घोष से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।



महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं, वहीं श्रद्धालु डीजे की धुन पर भक्ति में झूमते नजर आए। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। समाजसेवियों, व्यापारियों एवं धर्मप्रेमियों द्वारा शरबत, जूस एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजन समिति एवं प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। पूरे मार्ग में मैट बिछाए गए तथा लगातार पानी का छिड़काव किया जाता रहा, ताकि ▶▶|शेष पेज 4 पर

## शिवपुर-चरचा से सैकड़ों श्रद्धालु कलश यात्रा में हुए शामिल




**चरचा कॉलरी।** धार्मिक नगरी चिरमिरी एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्म के रंग में रंगने जा रही है। श्रीराम कथा आयोजन समिति चिरमिरी के तत्वावधान में 17 से 26 मई तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह विशाल धार्मिक आयोजन लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, गोदरीपारा चिरमिरी में संपन्न होगा, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रभु श्रीराम की जीवनगाथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करेंगे।

कथा व्यास के रूप में जगद्गरू रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज की श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। वहीं कथा मंच का शुभारंभ आचार्य श्री रामचंद्र दास जी महाराज द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने व्यापक तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम के तहत 17 मई को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो कुरैशिया ग्राउंड बड़ा बाजार सीतापुर से प्रारंभ होकर कथा स्थल लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदरीपारा तक पहुंचेगी, इसके बाद प्रतिदिन शाम 4 बजे से कथा का आयोजन होगा, जबकि प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे यज्ञशाला पूजन भी संपन्न कराया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगर पालिका शिवपुर-चरचा में भी भारी उत्साह देखने को मिला। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल के नेतृत्व में काफी संख्या में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर बसों के माध्यम से कलश यात्रा में शामिल होने के लिए चिरमिरी रवाना हुई। श्रद्धालुओं में कथा को लेकर विशेष उत्साह और आस्था का माहौल नजर आया। आयोजन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार कथा में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से काफी संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# डबल मर्डर का महज 6 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**अनूपपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भालूगुड़ार वार्ड क्रमांक 7 में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 6 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

बीते 15 मई की सुबह करीब 7 बजे डायल 112 को सूचना मिली कि भालूगुड़ार क्षेत्र में दो लोगों की हत्या कर दी गई है। सूचना पर बिजुरी थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां सुरेन्द्र सोनी उम्र 35 वर्ष और लल्ली बाई गोंड उम्र 48 के शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिले। दोनों के शरीर पर धारदार हथियार से गंभीर चोटों के निशान पाए गए, जिससे स्पष्ट हुआ कि उनकी बेरहमी से हत्या की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी के नेतृत्व में विशेष जांच दल गठित किया गया। एफएसएल टीम, डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों को भी मौके पर साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया। तकनीकी और मुखबीर सूचना के आधार पर पुलिस ने सुनील सिंह मार्को उर्फ नानकुनू निवासी भालूमाड़ा को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी टालमटोल करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने दोनों हत्याओं की बात स्वीकार कर ली। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले कुछ दिनों से मृतका लल्ली बाई के घर पर मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान उसे लल्ली बाई और सुरेन्द्र सोनी के बीच संबंधों का शक हुआ, जिससे वह नाराज रहने लगा। इसी रंजिश के चलते उसने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने बताया कि 14 मई की रात उसने पहले सुरेन्द्र सोनी पर कुल्हाड़ी से हमला किया और पीछा कर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। इसके बाद वह वापस घर जाकर लल्ली बाई की भी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी ने खून के धब्बों को गोबर से लीपकर मिटाने का प्रयास किया और हथियार व कपड़ों को छिपा दिया था, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी पत्नी के साथ मारपीट और दहेज प्रताड़ना के मामले में जेल जा चुका है। इस मामले के खुलासे में निरीक्षक विकास सिंह सहित पूरी पुलिस टीम, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और तकनीकी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### पति की पिटाई से हुई महिला की मौत

**अंबिकापुर।** पति की पिटाई से महिला की मौत के मामले में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। आरोपी ने वहशी तरीके से महिला की हत्या की। सबसे बड़ी बात यह है कि मृतिका तीन माह की गर्भवती थी और हत्या के कारण पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। इतना ही नहीं चिकित्सकों ने महिला के निचले हिस्से से 10 इंच लंबा लोहे एक रॉड भी निकाला है जबकि शरीर पर 17 से अधिक चोट के निशान है। जानकारी के अनुसार भिट्ठीकला निवासी 23 हीरो बाई पति प्रदीप अगरिया 14 मई की शाम घर में थी। इसी दौरान पति शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करते हुए डंडे व पत्थर से उसकी बेदम पिटाई की। मारपीट से जब महिला लहू लुहान हो गई तो आरोपी ने उसे बाइक की सीट पर बिठाया और गमछे के सहारे बांधकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया था। महिला की मौत की पुष्टि होने के बाद आरोपी पति अस्पताल से फरार हो गया था।

### साइडिंग में रखे कोयले के ढेर में लगी आग...



**डोमनहिल।** बीते दिवस वार्ड क्रमांक 36 स्थित साइडिंग क्षेत्र में रखे कोयले के ढेर में अचानक आग लग जाने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए साइडिंग कर्मचारियों ने तत्काल वार्ड पार्षद अयुषी सिंह को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पार्षद अयुषी सिंह ने मामले की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को दी। मंत्री के निर्देश पर तत्काल फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ द्वारा वर्ष 2026 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन स्थानीय होटल हसदेव इन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में न्याय पालिका, विधिक परिषद और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने पद और दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं निष्पक्षता से करने की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे। कार्यक्रम



की अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश राजेन्द्र वर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथियों में न्यायाधीश यशवंत वासनीकर, सरिता दास, लोकेश कुमार, राकेश सिंह सोरी, भारतीय विधिक परिषद सदस्य शैलेन्द्र दुबे, छग राज्य विधिक परिषद बिलासपुर कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, राज्य विधिक परिषद सदस्य अनिल गोयल, छग उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रजनीश सिंह, सचिव अनिल कुमार त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे। अधिवक्ता संघ के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र सिंह, उमाकांत सिंह चंदेल तथा चिरमिरी नगर निगम महापौर अधिवक्ता रामनरेश राय भी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं मां भारती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी ने कहा कि संघ सदैव अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्षरत रहेगा। उन्होंने न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए बेहतर फर्नीचर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### संस्कृति मंत्री ने किया मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**अम्बिकापुर।** संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने नमनाकला वार्ड क्रं. 14 सरना में प्रस्तावित शिव मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि भगवान शिव भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक हैं। मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं होते, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कारों को सहेजने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## केन्द्र और राज्य सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# कीमतें बढ़ने पर कांग्रेस ने पेट्रोल पंप में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुंठपुर

पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों एवं आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ के विरोध में रविवार को बैकुंठपुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जमगहना पेट्रोल पंप बैकुंठपुर में धरना-प्रदर्शन एवं घेराव किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पेट्रोल-डीजल के बढ़े हुए दामों को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विकाश श्रीवास्तव, विजय सिंह चांदनी सोनी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी विरोध प्रदर्शन में मौजूद रहे।

## सोनहत में कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन

**सोनहत।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों एवं ईंधन संकट के विरोध में सोनहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने किया।

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पेट्रोल-डीजल की मूल्य वृद्धि और कथित कमी को लेकर नाराजगी व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण आम जनता को लगातार महंगाई और आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

लगाया कि पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है और कई स्थानों पर ईंधन की कमी के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केन्द्र सरकार से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने तथा पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी।

# जनकपुर में मेडिकल नशे का फैल रहा जाल

**मनेन्द्रगढ़।** जनकपुर क्षेत्र में मेडिकल नशे का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। कफ सिरप, नशीली टैबलेट और अन्य प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री ने अब आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के एक पीड़ित परिवार के अभिभावकों ने खुलकर इस गंभीर समस्या को उठाते हुए प्रशासन और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

अभिभावकों का कहना है कि जनकपुर में मेडिकल नशे का कारोबार खुलेआम चल रहा है और इसकी जानकारी क्षेत्र के अधिकांश लोगों को है। जब उनसे पूछा गया कि आखिर यह नशीला सामान कौन बेच रहा है, तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जनकपुर में लगभग हर व्यक्ति जानता है कि कौन लोग इस धंधे में शामिल है, इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सबसे चिंताजनक बात यह सामने आ रही है कि मेडिकल नशे की गिरफ्त में अब नाबालिग बच्चे भी आने लगे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ युवक आसानी से मेडिकल दुकानों और अवैध सप्लायरों से कफ सिरप व नशीली गोलियां खरीद रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि बिना डॉक्टर की पर्ची के भी नशीली दवाएं बेची जा रही हैं, जिससे स्कूली बच्चों और किशोरों का भविष्य खतरे में पड़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में शाम होते ही कुछ स्थानों पर युवाओं की संदिग्ध गतिविधियां बढ़ जाती हैं। कई परिवार अपने बच्चों की बदलती आदतों को लेकर परेशान हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का कर रही प्रयास : विद्यात्री



**भैयाथान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विद्यात्री सिंह देव ने भाजपा पर दुष्प्रचार और अनर्गल बयानबाजी की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि भाजपा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू द्वारा सोशल मीडिया में किए जा रहे दावों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हाल ही में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के क्षेत्रीय दौरे के दौरान भाजपा से जुड़े अनेक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी, लेकिन भाजपा इसे झूठा बताकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। विद्यात्री सिंहदेव ने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष को पहले आत्मचिंतन करना चाहिए और अपने मंडल की वास्तविक स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में भाजपा के और भी कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होंगे। महिलाओं पर लगाए गए आरोपों को लेकर उन्होंने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यदि उनके पास किसी प्रकार का प्रमाण है तो उसे सार्वजनिक करें, अन्यथा महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले इस प्रकार के निराधार आरोप लगाना बंद करें। विद्यात्री सिंह देव ने कहा कि भटगांव विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे इलाके की जनता रसोई गैस की किल्लत, पेट्रोल-डीजल की कमी, लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं की लगातार उपेक्षा के कारण भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास कम होता जा रहा है। बड़ी संख्या में युवक-युवतियां कांग्रेस की विचारधारा, सामाजिक न्याय, रोजगार और जनहित की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव के क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता और युवाओं ने जिस उत्साह और समर्थन के साथ कांग्रेस का स्वागत किया।

### उदयपुर महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**उदयपुर।** शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय में शुक्रवार को बीए, बीएससी एवं बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कनिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के तत्वावधान में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष राधेश्याम सिंह ठाकुर एवं अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पांडे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सरगुजिहा पारंपरिक परिधान में सजे अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत से हुई। स्वागत गीत एवं तालियों की गूंज के बीच विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि राधेश्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय जीवन युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य विकास का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। इसी परिवेश में विद्यार्थी देश-दुनिया की वास्तविक समझ विकसित करते हैं और समाज व राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बनते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पांडे ने कहा कि विदाई जीवन का ऐसा महत्वपूर्ण क्षण है, जो एक अध्याय के समापन के साथ नए अवसरों की शुरुआत का संकेत देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और संघर्ष के मार्ग पर चलते हुए सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन के अनुभव साझा किए तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। कनिष्ठ विद्यार्थियों ने वरिष्ठों से मिले मार्गदर्शन और सहयोग को याद करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत एवं स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिली।

### 80 फीसदी गांवों के प्लांट दो सालों से बंद

# वन एवं राजस्व ग्रामों में लगे सोलर प्लांट बने शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

**खास बातें**
- ढीबरी के भरोसे ग्रामीणों की गुजर रही रातें
- बरसात में होगी भारी परेशानी

घने जंगल के बीच बसे राजस्व एवं वनग्रामों में निवासरत ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के उद्देश्य से एक दशक पूर्व लगाए गए सोलर प्लांट अब शो-पीस बनकर रह गए हैं। पिछले दो सालों से 80 फीसदी प्लांट देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में बंद हो पड़े है। जो चालू है वह भी 2-3 घंटे ही काम कर रहे हैं। सोलर प्लांट बंद होने के कारण गांवों में लम्बे समय से अंधेरा छाया है।

सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ विकासखंड ओड़गी में बड़ी संख्या में गांव बीहड़ों में बसे हैं। इन गांवों में अभी भी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। वन क्षेत्र के भीतर बसाहट होने के कारण इन गांवों में न तो आवागमन की पर्याप्त सुविधा है न ही अन्य आवश्यक संसाधन ही उपलब्ध है। इन गांवों में विद्युत विस्तार सपना बना हुआ है। लम्बे अर्से तक ढीबरी के भरोसे जीवन यापन करने वाले ग्रामीणों का जीवन आसान बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा इन गांवों में सोलर प्लांट के माध्यम से उजाला करने का निर्णय लिया गया तथा दो चरणों में विकासखण्ड के 104 गांवों में सोलर प्लांट स्थापित किया गया। प्रथम चरण में वर्ष 2013-14 में अधिक समस्याग्रस्त ग्रामों तथा वर्ष 2016-17 में सोलर लाइट प्लांट स्थापित किया गया साथ ही गांव-गांव में हाईमास्ट लाइट एवं प्लांट से दूर बसे परिवारों को होम लाइट की सुविधा प्रदान की गई थी। अभियान के तहत जिन गांवों को सोलर पावर से रोशन किया गया उनमें अधिकांश गांव दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के है। सोलर प्लांट लगने से इन गांवों में व्यापक बदलाव देखा गया तथा शाम ढलते ही घरों में बंद होने वाले ग्रामीण हाईमास्ट की रोशनी में देर रात तक कुछ काम में व्यस्त रहने लगे। बच्चों के जीवन में भी बदलाव आने लगा। प्रारंभ के पांच वर्षों तक सोलर सिस्टम की नियमित देखरेख भी होती रही। गारंटी पीरियड खत्म होने के बाद विभाग ने प्लांट की देखरेख बंद कर दी जिससे प्लांट में खराबी आने लगी तथा धीरे-धीरे प्लांट बंद होने लगे। हालत यह है कि वर्तमान में 80 फीसदी प्लांट पिछले दो सालों से बंद पड़े हैं। जो प्लांट ठीक हैं वे भी अब जर्जर हो गए हैं तथा 2-3 घंटे ही रोशनी दे रहे है। क्षेत्र के ग्रामीण लगातार प्लांट के बंद होने की शिकायतें कर रहे हैं लेकिन अधिकारी फंड नहीं होने का रोना रो रहे हैं तथा फंड उपलब्ध होते ही मरम्मत कराने का आश्वासन दे रहे है। इधर बरसात निकट देखकर वन्य जीवों एवं विषैले जीव-जंतुओं को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं तथा तत्काल बंद पड़े इकाइयों को दुरुस्त कराने की मांग कर रहे हैं।



सोलर पैनल।



शिकायत करते ग्रामीण।

#### पढ़ाई से दूर हो रहे बच्चे

सोलर लाइट बंद पड़े होने के बाद स्कूली बच्चे पढ़ाई से दूर हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ढीबरी की रोशनी में बच्चे पढ़ाई नहीं कर रहे हैं तथा घरेलू काम एवं अन्य गतिविधियों में समय गुजार रहे हैं। पर्याप्त रोशनी के अभाव में बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। सोलर प्लांट बंद होने से ग्रामीण अपना मोबाइल तक चार्ज नहीं कर पा रहे हैं। तथा मोबाइल चार्ज करने के लिए ग्रामीणों को दूसरे गांवों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जंगल से सटे गांवों में बरसात के दौरान हिंसक वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ जाती है साथ ही सांप-बिच्छू का भी प्रकोप बढ़ जाता है। बरसात पूर्व बंद सोलर इकाइयों को दुरूस्त नहीं किया गया तो ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण इसकी समस्या का निदान विद्युत विस्तार को बता रहे हैं लेकिन वनक्षेत्र होने के कारण विद्युत विस्तार में कई चुनौतियां है। वर्षों पूर्व आदिवासी परिवारों को दिए गए होम लाइट भी खराब पड़े है।

#### 9 गांवों में मिली है विस्तार की स्वीकृति

शासन द्वारा हाल ही में चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ राजस्व ग्राम रसौकी, लुल्ह, तेलाईपाट, मुण्डा, बैजनपाट, छतरंग, घुईडीह, केवरा में शासन द्वारा विद्युत विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलने के उपरांत विभाग टेंडर प्रक्रिया की तैयारियों में जुटा है। टेंडर प्रक्रिया में न्यूनतम एक महीने का समय लगने की संभावना है। ऐसे में बरसात पूर्व विद्युत विस्तार संभव नहीं है तथा सोलर प्लांट की मरम्मत नहीं हुई तो ग्रामीणों को ढीबरी के भरोसे बरसात गुजारना पड़ेगा। इनमें कई वनग्राम गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व की सीमा में हैं जहां समस्या अधिक है।

#### इन गांवों में अंधेरा

सोलर प्लांट बंद होने से दूरस्थ ग्राम उमझर रसौकी, खोहिर, रामगढ़, महुली, कोल्हुआ, चोंगा, मोहरसोप, खैरा, नवडीहा, जुड़वनिया, बसनारा, छतरंग, घुईडीह, खोड़, केसर के ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है। तीन दिन पूर्व दो साल से बंद पड़े महुली पहाड़पारा स्थित सोलर प्लांट की बैटरी से दोपहर में धुंआ के साथ आग धधकने लगी। गनीमत थी तत्काल इस पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

#### सर्वे उपरांत भेजेंगे प्रस्ताव

मैंने हाल ही में कार्यभार ग्रहण किया है। तत्काल सभी सोलर लाइट इकाइयों का सर्वे करा सुधार के लिए उच्च कार्यालय प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि बरसात पूर्व इकाइयों की मरम्मत की जा सके।

-सुजीत कुमार श्रीवास्तव
एई, क्रेडा सूरजपुर



ग्रामीणों की समस्या सुनते अधिकारी।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने चिलचिलाती धूप में पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**ओड़गी।** कलेक्टर रेना जमील के निर्देशानुसार ओड़गी ब्लाक के दूरस्थ गांव भवंरखोह के पंडों बाहुल्य सेमरखाड़ पारा में चिलचिलाती धूप के बीच अधिकारियों ने आम के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर पंडों जनजातियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना गया। जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा कृष्ण मोहन पाठक ने पंडों जनजातियों के समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना। चौपाल में पंडों जनजाति के लोगों ने पानी, राशन, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी आदि समस्याओं को उनके समक्ष रखा। पंडों जनजाति के लोगों ने बताया कि गांव भवरखोह के पंडों बाहुल्य सेमरखाड़, आमापानी व गेरूहाड़ड पारा के लोग नाला व ढोढ़ी का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। ऐसे में उन्हें बरसात के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिला सहायक परियोजना अधिकारी से पंडों बाहुल्य पारा में पक्की कुआं का निर्माण कार्य कराने की मांग की। जिस पर अधिकारी मनरेगा कृष्ण मोहन पाठक ने इस समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए गांव भवरखोह के पंडों बाहुल्य सेमरखाड़ , आमापानी व गेरूहाड़ड पारा में एक- एक सार्वजनिक पक्का कुआं निर्माण कार्य कराने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार कर स्वीकृत करने की घोषणा की। चौपाल के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि छूटे हुए राशन कार्ड, पेंशन आदि पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराया जाए। इस दौरान जनपद पंचायत ओड़गी सीईओ निलेश कुमार सोनी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत ओड़गी विजय कुमार एक्का, प्रोग्रामर प्रमोद कुमार रवि, सरपंच,सचिव, रोजगार सहायक सचिव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार हेतु हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बतौली विकास मंच की पहल पर ग्राम भटको स्थित प्राचीन एवं आस्था के केंद्र पंचमुखी हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य हेतु विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री टोप्पो ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि बतौली विकास मंच द्वारा सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों के संरक्षण तथा सामूहिक भागीदारी के माध्यम से किया जा रहा यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की शक्ति उसकी सामूहिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों में निहित होती है तथा मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला केंद्र भी होता है। बतौली विकास मंच के संयोजक अशोक गुप्ता ने कहा कि मंच का उद्देश्य केवल मंदिर जीर्णोद्धार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में नैतिक जागरूकता लाना, युवाओं को संस्कारों से जोड़ना तथा लोगों को माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा की भावना के लिए प्रेरित करना भी है। इस दौरान नानमणि पैकरा, अशोक गुप्ता, आशीष गुप्ता, ललिता पैंकरा, प्रवीण गर्ग, राजेश अग्रवाल, सुकून राम, गुलाब अग्रवाल, रज्जूराम, जितेश्वर पाठक, विश्वनाथ यादव, राजेंद्र पैंकरा, सुधा सिंधु, संतोष गुप्ता, दीपक गुप्ता, आयुष अग्रवाल, शशांक गुप्ता, सिद्धांत गुप्ता, जवाहर प्रधान, रीवा टोप्पो, राम प्रसाद, नितिन गुप्ता, सुमन गोयल, अलय त्रिपाठी, राजेश गुप्ता, मनीष गुप्ता,लव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नहीं संभल रहा देशः अमरजीत



**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश से अपील और बढ़ती महंगाई को लेकर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस ने प्रेस वार्ता आयोजित की।

जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले के प्रभारी और पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां नरेंद्र मोदी अपील करते हैं कि गैस,पेट्रोल, डीजल बचाओ, वहीं वे स्वयं और उनके मंत्री गाड़ियों के बड़े काफिले के साथ निकलते हैं। सोना नहीं खरीदने की बात करने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी को इस बात का आकलन करना चाहिए कि केंद्र में कांग्रेस सरकार के समय से आज सोना पचास गुना महंगा हो चुका है। श्री भगत ने बताया कि महंगाई के चलते किचन का बजट बिगड़ा हुआ है, उर्वरक नहीं मिलने से किसानों की उत्पादकता घट रही है, पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ रहे हैं, प्रधान मंत्री खुद विदेश यात्रा पर करोड़ों रुपए फूंक रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी से देश संभल नहीं रहा है और आज भारत देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजरने की स्थिति में पहुंच रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री संजय डोसी, प्रवक्ता गिरजा शंकर मिश्रा, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, वेदप्रकाश मिश्रा, विमलेश दत्त तिवारी, संतोष पावले, शांतू डोसी शक्ति ठाकुर, परमेश्वर रजवाड़े, विक्की समाद्दार उपस्थित रहें।

### आरपीनगर के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में गूंजेगा हनुमान चालीसा

**कोरबा।** आरपी नगर फेस-1 दशहरा मैदान के पास स्थित प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में मंदिर स्थापना के 25 साल पूर्ण होने जा रहा है। भक्ति और श्रद्धा के साथ बजरंगबली की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ मंदिर की स्थापना हुई थी। पुरोहित स्व. मुक्ति नाथ झा, सीतामणी मंदिर के रामभक्त स्व. जगन्नाथ महाराज तथा छूरी के महाराज के सानिध्य में बनारस से आए 5 विद्वान पंडितों ने कमान संभाली थी।

# सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए की वट सावित्री पूजा



**अम्बिकापुर।** शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने बट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और व्रत कथा सुनी। कई स्थानों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ मंदिरों और बट वृक्षों के पास देखने को मिली।

महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चा धागा बांधा, फल-फूल, अक्षत, रोली, दीप और जल अर्पित किया। इसके बाद वट सावित्री व्रत की कथा सुनी। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग सामग्री भेंट कर आशीर्वाद भी दिया। शहर के कई मंदिरों, मोहल्लों और कॉलोनियों में सामूहिक रूप से यह व्रत मनाया गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजा में भाग लिया। दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा और बट वृक्षों के आसपास भक्ति और आस्था का वातावरण देखने को मिला। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। यह व्रत ज्येष्ठ अमावस्या के दिन रखा जाता है और सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और वैवाहिक सुख के लिए करती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। उसी घटना की स्मृति में यह व्रत किया जाता है। मान्यता है कि बरगद का वृक्ष त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माना जाता है। इसलिए इसकी पूजा करने से दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के साथ शहर में भी महिलाओं ने पूरे श्रद्धा भाव से बट सावित्री व्रत का पालन किया और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

### शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में स्क्रीन टाइम पर व्याख्यान

अम्बिकापुर। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम इन टेक्निकल एजुकेशन विषय पर भाजपा राष्ट्रीय संगठन मंत्री एस. बालकृष्णन, छग राज्य संगठन मंत्री महेश साकेत, रास्ट्रीय मंत्री अनंत सोनी एवं मंत्री रोहिणी मिश्रा के आतिथ्य में ब्याख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. खरे ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल, लैपटॉप व अन्य स्क्रीन आधारित उपकरणों का उपयोग अनिवार्य हो गया है। यदि स्क्रीन टाइम अनियंत्रित हो, तो यह समय, ध्यान एवं उत्पादकता को प्रभावित करता है किंतु सकारात्मक दिशा में उपयोग होने पर यह विद्यार्थियों के लिए एक्टिविटी टाइम में परिवर्तित हो सकता है। अनंत सोनी ने कहा कि विद्यार्थी यदि अपने स्क्रीन टाइम का रचनात्मक उपयोग करें, तो वे उत्कृष्ट इंजीनियर बनने के साथ समाजोपयोगी तकनीकी नवाचार भी कर सकते हैं। एस. बालकृष्णन ने तकनीकी शिक्षा में समय प्रबंधन, नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों का उपयोग ज्ञान, अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार के लिए प्रेरित किया तथा भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभावना एवं तकनीकी शिक्षा के समन्वय पर बल दिया। महेश साकेत ने कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है।

### दवा वितरण प्रणाली में बढ़ते हस्तक्षेप से छोटे एवं मध्यम व्यवसाय प्रभावित हो रहा

# दवा कारोबारी संघ का 20 को देशव्यापी बंद का आह्वान, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी) के आह्वान पर छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (सीसीडीए) ने 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद को लेकर कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दवा व्यापार एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार तक मांगें पहुंचाने आह्वान की गई है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं वितरकों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत है,संगठन का कहना है कि अवैध ई-फार्मेसी संचालन, बड़े कॉर्पोरेट घरानों द्वारा अनुचित मूल्य निर्धारण (प्रिडेटरी प्राइसिंग) तथा दवा वितरण प्रणाली में बढ़ते हस्तक्षेप से छोटे एवं मध्यम केमिस्टों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है,ज्ञापन में केंद्र सरकार की अधिसूचना 28 अगस्त 2018 एवं 26 मार्च 2020 को वापस लेने की मांग की गई है। संगठन का आरोप है कि कोविड काल में जारी की गई व्यवस्थाएं अब जनस्वास्थ्य और पारंपरिक दवा वितरण प्रणाली के लिए खतरा बन रही हैं। दवा व्यापारियों ने आशंका जताई कि अनियंत्रित ई-फार्मेसी संचालन से बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं की बिक्री, एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग, नकली दवाओं की आपूर्ति और एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ सकती हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि फार्मासिस्ट और मरीज के प्रत्यक्ष संवाद में कमी आने से जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है,संघ ने कलेक्टर से राज्य स्तर पर हस्तक्षेप कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने तथा केंद्र सरकार को उनकी मांगों के समर्थन में अनुशंसा भेजने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने की स्थिति में 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद किया जाएगा।कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने गए सूरजपुर औषधि विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, अंबिकेश्वर त्रिपाठी, राकेश प्रजापति, मुकेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य व दवा कारोबारी उपस्थित थे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते दवा व्यवसायी।

# भीषण गर्मी में राहगीरों का सहारा बना वरिष्ठ नागरिक संघ, नगर के 20 स्थानों पर खोल प्याऊ




**सूरजपुर।** भीषण गर्मी और बढते तापमान को देखते हुए वरिष्ठ नागरिक संघ ने पूर्व की भांति इस वर्ष भी नगर व आसपास के प्रमुख व्यस्त मार्ग, चौराहो, कार्यालय, न्यायालय व सार्वजनिक स्थानो पर कुल 20 जगहो पर प्याऊ जल सेवा केन्द्र की शुरूआत की गई है। इन प्याऊ केन्द्रों के माध्यम से राहगीरो, पक्षकारो, मजदूरों और आम लोगों को न केवल शुद्ध एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है बल्कि चिलचिलाती धूप से राहत देने व डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए विशेष रूप से ग्लूकोज मिला ठंडा पानी भी पिलाया जा रहा है।

संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल एवं अध्यक्ष अनिल गोयल ने बताया की वरिष्ठ नागरिक संघ ने इस भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए खुद व्यवस्था की कमान संभाली है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजो के परिजन को भी प्रतिदिन सुबह निःशुल्क ताजा व पौष्टिक नाश्ता अनेक वर्षों से उपलब्ध करवा रहे है तथा निःशुल्क ग्लुकोज डाबर इण्डिया ने रजनीश अग्रवाल के एनजीओ के माध्यम से उपलब्ध करवाया है। जिला एवं सत्र न्यायालय में वरिष्ठ नागरिक संघ के लालचंद अग्रवाल, भोला प्रसाद अग्रवाल, अनिल गोयल, रोशन लाल अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, रामबिलास मित्तल, ज्ञानी राम अग्रवाल, आरबी शिवहरे, रितेश कुमार, विजय सोनी, अशोक गुप्ता, पवन अग्रवाल, जोखन राम साहू, प्रणव अग्रवाल, विश्वनाथ, ऋषी गर्ग, मनोहर सोनी, खेमराज, विजय रामाग्रुह उपाध्याय सक्रिय है। स्थानिय लोगों का कहना है कि उम्र के इस पडाव में भी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा समाज के प्रति ऐसा समर्पण बेहद प्रेरणादायक है।



# पीटर विल्सन की फिल्म 'ऑब्सेस' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड में 'अंधाधुन' और 'फोबिया' जैसी पहले भी कई मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्में आई हैं। अब एक नई फिल्म 'ऑब्सेस' रिलीज होने के लिए तैयार है, जिसमें मुख्य किरदार पीटर विल्सन ने निभाया है। उनके साथ 'बिग बॉस 18' वाली ईशा सिंह भी मुख्य किरदार में हैं। 15 मई को फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जो खून-खराबा और भरपूर थ्रिल से भरपूर है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी पीटर ने संभाली है। ट्रेलर 1 मिनट 41 सेकंड लंबा है, जिसकी शुरुआत ईशा के आत्मविश्वासी और बेफिक्र किरदार से होती है। कहानी में मोड़ तब आता है, जब उनका सामना पीटर द्वारा निभाए गए क्रोधित और गहरे मनोवैज्ञानिक आघात से जूझ रहे एक परेशान व्यक्ति से होता है। देखते ही देखते दोनों की अप्रत्याशित मुलाकात सबकुछ बदलकर रख देती है।

लाइफ Style

# माधुरी

## इन फिल्मों ने दिलाई शोहरत



बॉलीवुड में धक-धक गर्ल के नाम से मशहूर माधुरी दीक्षित 59 साल की हो गई हैं। 40 साल से ज्यादा समय भारतीय सिनेमा में गुजार चुकीं अभिनेत्री आज भी अपनी एक मुस्कुराहट से लोगों का दिल धड़का देती हैं। यही कारण है कि उनकी एक झलक के लिए फैंस हमेशा उतावले रहते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

माधुरी ने अपने करियर की शुरुआत 1984 में फिल्म 'अबोध' से की थी और अब तक कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। साल 1988 में आई फिल्म 'तेज़ाब' माधुरी के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इसमें मौजूद गाना 'एक दो तीन' न सिर्फ उनके करियर का टर्निंग पॉइंट बना, बल्कि अभिनेत्री रातों-रात मशहूर हो गईं। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म में अनिल कपूर भी हैं। आमिर खान के साथ आई फिल्म 'दिल' ने माधुरी को उनका पहला फिल्मफेयर पुरस्कार दिलाया। यह पुरस्कार उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए मिला था। यह भी प्राइम वीडियो पर मौजूद है। संजय दत्त के साथ 1993 में आई फिल्म 'खलनायक' सुपरहिट रही।

पुलिस अधिकारी 'गंगा' के किरदार में माधुरी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसमें मौजूद उनके सभी गाने बेहद लोकप्रिय हुए। यह फिल्म भी प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। वहीं 1994 में आई 'हम आपके हैं कौन' अभिनेत्री की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। सलमान खान के साथ उनकी जोड़ी, गाने और फिल्म का हर दृश्य लोगों के दिल के करीब है। यह जी5 पर मौजूद है। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद फिल्म 'साजन' में माधुरी और दत्त की जोड़ी दोबारा देखने को मिली।

## हॉलीवुड मसाला



### फीफा वर्ल्ड कप में दिखेंगे एक मंच पर

**लॉस एंजिल्स।** फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अब सबसे बड़ा मनोरंजन धमाका होने जा रहा है। फीफा विश्व कप 2026 के फाइनल मैच को लेकर संगीत जगत से एक ऐसी खबर आई है, जिसने पूरी दुनिया के फैंस को रोमांचित कर दिया है। इतिहास में पहली बार फुटबॉल के इस महाकुंभ में 'सुपर बाउल' की तर्ज पर एक भव्य हाफटाइम शो आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मैडोना, शकीरा और बीटीएस 2026 मेटलाइफ स्टेडियम के मंच पर एक साथ धमाल मचाएंगे।



### कान्स फेस्टिवल में छलके विन डीजल के आंसू...

**लॉस एंजिल्स।** 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने हॉलीवुड फिल्म 'द फास्ट एंड द फ्यूरियस' की टीम भी पहुंची। इस मौके पर विन डीजल, मिशेल रोड्रिग्ज, जॉर्डन ब्रूवर्स्टर, नील एच मोरिट्ज और मीडो वॉकर ने रेड कार्पेट पर शिरकत की और अंतरराष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींच लिया। हालांकि, एक पल ऐसा आया, जब डीजल भावुक होते हुए अपने आंसुओं को नहीं रोक सके। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसे देखकर फैंस भी भावुक हो रहे हैं। दरअसल, 'फास्ट एंड फ्यूरियस' की 25वीं सालगिरह पर डीजल अपने दिवंगत सह-कलाकार पॉल वॉकर को याद करके भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनकी जिंदगी में वॉकर का महत्व फिल्म में लिखी गई स्क्रिप्ट से ज्यादा बढ़ गया है।




### अन्याय का पर्दाफाश करने आई सोनाक्षी...

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। यह एक कोर्टरूम थ्रिलर है, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन अश्विनी अय्यर तिवारी ने किया है, जिन्हें 'पंगा' और 'बरेली की बर्फी' के लिए जाना जाता है। वहीं निर्माण की कमान पम्मी बावेजा, हरमन बावेजा और स्मिता बलिगा ने मिलकर उठाई है। फिल्म हाई-प्रोफाइल और आत्मविश्वासी वकील और विशेषाधिकार की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर में, सोनाक्षी ने 'नेहा राजवंश' नाम की वकील का किरदार निभाया है। उनके पिता के किरदार में निर्देशक आशुतोष गोवारिकर हैं। वहीं ज्योतिका 'सारिका रावत' के किरदार में हैं, जो कोर्ट स्टेनोग्राफर है। कहानी 2 ऐसी महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है।



### अजय से ज्यादा फीस ले रहे अक्षय...

**मुंबई।** अजय देवगन की कॉमेडी फ्रेंचाइजी फिल्म 'गोलमाल' की 5वीं किस्त काफी चर्चा बटोर रही है। फैंस का उत्साह इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि फिल्म में अक्षय कुमार भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो चुके हैं। फिलहाल इस वक्त फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। इस बीच 'गोलमाल 5' से जुड़ा एक अपडेट आया है कि अक्षय करीब 18 से 22 दिनों के शूट के लिए मोटी फीस वसूल रहे हैं, जो अजय की अग्रिम फीस से ज्यादा है। एक बातचीत में, परियोजना से जुड़े एक सूत्र ने अक्षय की फीस के बारे में खुलासा किया है। उन्होंने कहा, अक्षय 18-22 दिनों तक शूटिंग कर रहे हैं और उन्हें लगभग 35-40 करोड़ रुपये मिल रहे हैं, जो अजय की अग्रिम फीस से ज्यादा है, क्योंकि उन्हें लाभ-साझाकरण के आधार पर भुगतान किया जा रहा है।

## टीवी मसाला



### टीआरपी लिस्ट में हिला अनुपमा का सिंहासन, नंबर-1 पर वसुधा का कब्जा

**मुंबई।** टीवी की दुनिया में इस हफ्ते टीआरपी लिस्ट ने बड़ा उलटफेर कर दिया है। जहां लंबे समय से दर्शकों के दिलों पर राज कर रहे 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' अपनी जगह से खिसकर नीचे आ गए हैं। वहीं दूसरी तरफ एक नए शो ने जबरदस्त ट्विस्ट और दमदार कहानी से नंबर-1 पर अपनी जगह बना ली है।

**नंबर 1 पर है, 'वसुधा':** जी टीवी पर आने वाले इस शो वसुधा ने लोगों का दिल जीत लिया है। ये शो इस सप्ताह पहले नंबर पर है। गांव की लड़की और अमीर बिजनेसमैन की प्रेम कहानी पर आधारित ये शो लोगों के दिलों पर राज कर दिया है। शो को 2.0 रेटिंग मिली है।

**दूसरे नंबर पर है, 'गंगा माई की बेटियां' :** सरगुन मेहता के प्रोडक्शन में बना ये शो गंगा माई की बेटियां दूसरे नंबर पर काबिज है। शो को इस हफ्ते 1.7 रेटिंग मिली है। ये शो भी लोगों के दिलों में जगह बना रहा है।

**तीसरे नंबर पर क्योंकि सास भी कभी बहु थी :** एकता कपूर के शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इस बार अपनी जगह से हट चुका है। स्मृति ईरानी के इस शो की रैंकिंग में इस बार गिरावट देखी जा रही है। शो पहले नंबर से हटकर सीधा तीसरे स्थान पर पहुंच गया है. रेटिंग 1.7 है।

**चौथे नंबर पर तुम से तुम तक :** पॉपुलर शो तुम से तुम तक इस बार चौथे नंबर पर है। इस शो ने अनुपमा जैसे बड़े शो को पछाड़कर ऊपर जगह बना ली है। शो की रेटिंग 1.6 है।

**अनुपमा को लगा झटका 5वें नंबर पर पहुंचा :** टीवी के चहीते शो अनुपमा को तो इस बार बड़ा झटका लगा है। रुपाली गांगुली का ये पॉपुलर शो जो हमेशा नंबर 1 पर बना रहता है। इस बार ये शो पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। कभी ये शो लोगों को दिलों पर राज करता था। आज शो की रेटिंग 1.5 है।

#### 'लाफ्टर शेफ 3 सहित अन्य शो की रेटिंग

लॉफ्टर शेफ 3 ने इस बार लंबी छलांग लगाई है। कॉमेडी और कुकिंग के मिक्सचर वाले इस शो ने फिर से दिलों पर राज करना शुरू कर दिया है। भारती सिंह और शेफ हरपाल सिंह का शो इस बार छठे स्थान पर है। वहीं नागिन 7 अब बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इस हफ्ते शो सातवें स्थान पर है। ये रिश्ता क्या कहलाता है आठवें नंबर पर काबिज है। शो को इस बार 1.4 रेटिंग मिली है। वहीं दूसरी ओर टीवी का पॉपुलर शो उड़ने की आशा इस बार नौवां नंबर पर पहुंच गया है। शो की रेटिंग 1.4 है। शो आज अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। वहीं एकता कपूर का शो स्पिन-ऑफ शो क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं, इस बार टीआरपी लिस्ट में शामिल हो चुका है। 1.4 रेटिंग के साथ यह शो दसवें नंबर पर है।

### 'खतरों के खिलाड़ी 15' में गौरव खन्ना को किस बात का डर?



**मुंबई।** टीवी के जाने-माने अभिनेता गौरव खन्ना आज रियलिटी शोज का बड़ा नाम बन चुके हैं। पहले उन्होंने फराह खान के शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ्स' के पहले सीजन का खिताब जीता। फिर सलमान खान के सबसे बड़े रियलिटी शो 'बिग बॉस' के 19वें सीजन का विजेता बने। अब गौरव का अगला कदम स्टंट आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' है, जिसमें आने के लिए वह तैयार हैं। हालांकि, शो में आने से पहले उन्होंने अपनी सबसे बड़ी चिंता पर बात की।

#### 'खतरों के खिलाड़ी' को लेकर जाहिर की उत्सुकता

एक बातचीत में, गौरव ने रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की, लेकिन अपनी सबसे बड़ी चिंता का खुलासा भी किया। उन्होंने कहा कि शो में जाने से पहले उनकी सबसे बड़ी चिंताओं में से एक उनका 'कलर ब्लाइंड' होना है। वह अन्य शारीरिक चुनौतियों से भी जूझ रहे हैं। गौरव को डर है कि इसका असर शो के दौरान उनके कुछ स्टंट टास्क पर पड़ सकता है।

#### खुद को अपना प्रतिद्वंदी मानते हैं गौरव

अभिनेता ने कहा कि जिंदगीभर इस समस्या के साथ जीने और इसे संभालने का अनुभव होने के कारण, वह इस चुनौती का सामना करने और यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि वह खुद को कितना आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह अन्य प्रतियोगी की बजाए खुद को अपना सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी मानते हैं। टबता दें, शो की तारीख सामने नहीं आई है, लेकिन इसमें रुबीना दिलैक, ऋत्विक धनजानी और अविका गौर समेत कई सितारे नजर आएंगे।

### मां बनने के बाद भी बरकरार इन अभिनेत्रियों का स्टारडम, टूटा बॉलीवुड का सालों पुराना 'मिथक'

**मुंबई।** बॉलीवुड में एक दौर था, जब माना जाता था कि अभिनेत्री का करियर मां बनने के बाद ढलान पर आ जाता है, लेकिन आज की पीढ़ी ने इस धारणा को बदल दिया है। समकालीन भारतीय सिनेमा में मातृत्व अब करियर का 'फुल स्टॉप' नहीं, बल्कि सशक्त पारी की शुरुआत बन गया है। मातृत्व दिवस पर हम आपको उन अभिनेत्रियों के बारे में बताएंगे, जिन्होंने मां बनने के बाद अपने करियर को नई दिशा दी और सफलता की मिसाल पेश की।

*दीपिका पादुकोण और प्रियंका चोपड़ा*

दीपिका पादुकोण के लिए मां बनना करियर में रुकावट नहीं। 'जवान' और 'पठान' जैसी फिल्मों के साथ वो अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स और अपने प्रोडक्शन हाउस को संभाल रही हैं। साथ ही फिल्म इंडस्ट्री में मांओं के लिए 8 घंटे की शिफ्ट की वकालत भी कर रही हैं। उधर प्रियंका चोपड़ा ने दिखाया है कि वैश्विक करियर और मातृत्व साथ चल सकते हैं। हॉलीवुड फिल्में, बिजनेस और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के बीच प्रियंका बेटी की परवरिश के साथ हर मोर्चे पर सक्रिय हैं।



*करीना कपूर और आलिया भट्ट*

करीना कपूर ने साबित किया कि मां बनने के बाद ब्रेक लेना जरूरी नहीं। 'गुड न्यूज' और 'जाने जां' जैसी फिल्मों के जरिए उन्होंने बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक पर अपनी धाक जमाए रखी। आलिया भट्ट आज की पीढ़ी की उन मांओं का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एक साथ कई मोर्चे संभाल रही हैं। मां बनने के बाद भी वो बड़े बजट की फिल्मों के साथ अपने प्रोडक्शन हाउस 'एटरनल सनशाइन' और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स को बखूबी संभाल रही हैं।

*नेहा धूपिया और जेनेलिया डिसूजा*

नेहा धूपिया ने दूसरी प्रेग्नेंसी में फिल्म 'ए थर्सडे' की शूटिंग कर दिखाया कि मातृत्व करियर की बाधा नहीं है। वो कामकाजी मांओं के अधिकारों के लिए भी खुलकर आवाज उठाती हैं। दूसरी ओर जेनेलिया डिसूजा ने खुद की प्रोड्यूस की हुई फिल्म 'वेड' से पर्दे पर सफल वापसी की और अब उनकी 'राजा शिवाजी' धूम मचा रही है। फिल्मों के साथ-साथ जेनेलिया 'इमेजिन मीट्स' ब्रांड के जरिए एक सफल उद्यमी के रूप में भी अपनी पहचान बना रही हैं।

*रानी मुखर्जी और ऐश्वर्या राय*

रानी मुखर्जी के लिए मातृत्व करियर का मजबूत पड़ाव साबित हुआ। उन्होंने 'हिचकी', 'मर्दानी' फ्रैंचाइजी और 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' जैसी फिल्मों से साबित किया कि मां बनने के बाद भी अभिनेत्री अपने दम पर फिल्में हिट करा सकती है। उधर ऐश्वर्या राय ने 'सरबजीत' से लेकर 'पोन्नियिन सेलवन' तक मां बनने के बाद भी दमदार किरदार निभाए। कान्स फिल्म फेस्टिवल जैसे तमाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उनकी मजबूत मौजूदगी दिखाती है कि मातृत्व ने उनके स्टारडम को और निखारा है।


## नेटफ्लिक्स पर आते ही कुछ ही मिनटों में सर्वर हो गया क्रैश

# 'धुरंधर 2' का पाक में 'आतंक', 12 बजते ही टूट पड़ी जनता; मिनटों में नेटफ्लिक्स क्रैश

*मुंबई। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' ने रिलीज होते ही सरहद पार तहलका मचा दिया है। पाकिस्तान में फिल्म को लेकर दीवानगी का आलम ये रहा कि नेटफ्लिक्स पर आते ही कुछ ही मिनटों में सर्वर क्रैश हो गया। फिल्म की कहानी को लेकर वहां विवाद और बहस तो छिड़ी है, लेकिन दीवानगी ऐसी है कि लोग इसे देखने के लिए टूट पड़े हैं। सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी रिव्यूअर का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।*

#### पाक में भारी भीड़ के कारण सर्वर हुआ ठप

'धुरंधर 2' पाकिस्तान में पहले ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी है। पाकिस्तान में इसे लेकर दीवानगी का आलम यह था कि भारी ट्रैफिक के कारण रिलीज के कुछ ही मिनटों के भीतर नेटफ्लिक्स का सर्वर क्रैश हो गया। हालांकि, सोशल मीडिया पर कई पाकिस्तानी नागरिक इस फिल्म की आलोचना भी कर रहे हैं और इसे 'प्रोपेगेंडा' करार दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद फिल्म को देखने के लिए वहां जबरदस्त होड़ मची हुई है।



#### कैसे 'धुरंधर 2' ने डाउन किया नेटफ्लिक्स

पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर माविया उमर फारूकी ने एक वीडियो साझा कर दावा किया है कि पाकिस्तान में 'धुरंधर 2' के प्रीमियर होते ही नेटफ्लिक्स का सर्वर क्रैश हो गया। वीडियो में उन्हें ये कहते सुना गया, पाकिस्तान में आज ही 'धुरंधर 2 रिलीज हुई और सर्वर क्रैश हो गया। पाकिस्तानी इंतजार ही कर रहे थे कि कब रात के 12 बजें, नेटफ्लिक्स फिल्म डाले और सब एक साथ मिलकर क्लिक करें। इस तरह 'धुरंधर' का शौक देखा गया है इधर।

#### सच हो या झूठ, हमें बस देखना है

माविया ने वीडियो में आगे कहा, अब सच या झूठ कुछ भी दिखाया गया हो, वो अलग बात है, लेकिन पाकिस्तानी ये देखना चाहते हैं कि फिल्म बनी कैसी है। रणवीर सिंह का किरदार कैसा है, यह तो सबको पता है। लयारी में सच में ऐसा हुआ था या नहीं, वह बाद की बात है। उनका इशारा फिल्म की कहानी और उसके ऐतिहासिक तथ्यों की ओर था, जिसे लेकर पाकिस्तान में काफी बहस छिड़ी हुई है।'

### पेड्डी' से दिव्येंदु की आई पहली झलक खलनायक बनकर मचाएंगे तहलका

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोर रही है। 'गेम चेंजर' (2025) के बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने के बाद लोग उनकी इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। फिल्म में जाह्नवी कपूर मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। इसके अलावा एक और बॉलीवुड अभिनेता हैं, जो 'पेड्डी' में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह वेब सीरीज 'मिर्जापुर' वाले दिव्येंदु हैं, जिनकी फिल्म से पहली झलक आ गई है। पोस्टर में दिव्येंदु को 'रामबुज्जी' के किरदार में पेश किया गया है। फिल्म में उन्हें ग्रामीण आंध्र प्रदेश की क्रिकेट से भरी दुनिया में अपना दबदबा बनाए रखने वाले एक निर्मम खलनायक के रूप में देखा जाएगा। पोस्टर में उनका जोशीला और तीव्र लुक देखने को मिला है, जो कहानी में एक रोमांचक, प्रतिद्वंदी और गंभीर टकराव होने का संकेत देता है। फिल्म का ट्रेलर 18 मई को रिलीज होगा, जबकि ये 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



**खबर संक्षेप**

### सुरक्षा गार्डों ने लगाया आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना का आरोप

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में कार्यरत दो सुरक्षा गार्डों ने कंपनी प्रबंधन पर आर्थिक एवं मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में कर्मचारियों ने वेतन से अवैध वसूली, धमकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता अमन श्रीवास एवं अभिजीत बेहरा ने बताया कि वे पिछले 5 वर्षों से केन्द्रीय विद्यालय मनेन्द्रगढ़, रेलवे कॉलोनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते 15 माह से कंपनी से जुड़े कुछ अधिकारियों द्वारा उनसे लगातार आर्थिक शोषण किया जा रहा है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि कर्मचारियों का मासिक वेतन लगभग 21 हजार 760 रूपए बैंक खाते में जमा होता है, लेकिन उसमें से करीब 12 हजार रूपए प्रतिमाह रिश्वत के रूप में वापस लिए जाने का दबाव बनाया जाता रहा। विरोध करने पर नौकरी से निकालने, धमकाने तथा झूठे आरोप लगाने की बात भी शिकायत में कही गई है। पीड़ित कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनसे निजी कार्य भी करवाए जाते थे। साथ ही कंपनी प्रबंधन द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात कही गई है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि अब तक उनसे लगभग ढाई से तीन लाख रूपए तक की राशि ली जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अन्य कर्मचारियों से भी इसी तरह वसूली की गई, लेकिन डर और दबाव के कारण वे खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने बैंक ट्रांजेक्शन को रिश्वत लेन-देन का प्रमाण बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि भविष्य में किसी भी कर्मचारी का इस प्रकार शोषण न हो, इसके लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

### अत्यधिक शराब पीने से गंभीर दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** अत्यधिक शराब पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार ग्राम भकुरा निवासी राजकुमार तिलकदेव आ. भीम सिंह (37 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 14 मई को गांव अत्यधिक शराब पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन राज कुमार को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम कोल्डीहा निवासी हरीलाल आ. स्व. रामलाल लकड़ा (48 वर्ष) 14 मई को अत्यधिक शराब पीने से गंभीर हो गया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि हरी लाल शराब पीने का आदि था और 14 को गांव में अत्यधिक शराब पी लिया था। बहरहाल पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जागरूक हुए नागरिक

# हमारी जनगणना, हमारा विकास अभियान से गूंजा चरचा कॉलरी

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



जनगणना 2027 को लेकर नगर पालिका शिवपुर-चरचा द्वारा रविवार को राजीव गांधी चौक में भव्य जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार कलेक्टर के नेतृत्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र का ध्यानाकर्षित किया। हमारी जनगणना, हमारा विकास थीम पर आधारित इस अभियान में काफी संख्या में आम नागरिकों एवं नगर पालिका कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक रहे, जिन्होंने जनगणना के महत्व को सरल और रोचक तरीके से लोगों तक पहुंचाया। कलाकारों ने गीत-संगीत और अभिनय के माध्यम से बताया कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि देश और प्रदेश के विकास की मजबूत नींव है। नुक्कड़ नाटक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, राशन, आवास और अन्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में जनगणना की अहम भूमिका को जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी चौक में उत्साह और जागरूकता का माहौल देखने को मिला। लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेने के साथ-साथ जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्राप्त कीं। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि आगामी जनगणना में सभी लोग सक्रिय भागीदारी निभाएं और सही जानकारी उपलब्ध कराकर राष्ट निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। अभियान के दौरान अपनी जिम्मेदारी निभाएं, जनगणना में भागीदारी बढ़ाएं तथा हर नागरिक की सही जानकारी, विकास की सबसे बड़ी तैयारी जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि जनगणना के ऑकड़े ही भविष्य की विकास योजनाओं की दिशा तय करते हैं। किसी क्षेत्र में स्कूल, अस्पताल, सड़क, पेयजल, आवास, बिजली, रोजगार एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता का ऑकलन जनगणना के आधार पर ही किया जाता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी और सही जानकारी अत्यंत आवश्यक है। नगर पालिका शिवपुर-चरचा द्वारा चलाए गए इस जागरूकता अभियान में लोगों को जनगणना प्रक्रिया, उसके उद्देश्य तथा उससे मिलने वाले सामाजिक एवं आर्थिक लाभों की जानकारी दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि नागरिक सही जानकारी देंगे, तो योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंच सकेगा और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। राजीव गांधी चौक में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

# उच्च रक्तचाप जागरूकता दिवस पर निकली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़




उच्च रक्तचाप जागरूकता दिवस के अवसर पर चैनपुर स्थित एके इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग द्वारा सोमवार को जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते इसके बचाव और उपचार केलिए प्रेरित करना था। रैली में संस्थान के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जागरूकता रैली संस्थान परिसर से प्रारंभ होकर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः संस्थान पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां और बैनर लेकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। नियमित जांच कराएं, उच्च रक्तचाप से बचें, स्वस्थ आहार और व्यायाम अपनाएं, तनाव मुक्त जीवन ही बेहतर जीवन जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के डायरेक्टर डॉ. एके ओझा ने उपस्थित विद्यार्थियों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च रक्तचाप आज के समय की एक गंभीर और तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। उन्होंने कहा कि अनियमित दिनचर्या, तनाव, जंक फूड, शारीरिक गतिविधियों की कमी और नशे की प्रवृत्ति के कारण युवाओं में भी हाई ब्लड प्रेशर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। डॉ. ओझा ने कहा कि उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है, क्योंकि इसके लक्षण कई बार प्रारंभिक अवस्था में दिखाई नहीं देते, लेकिन यह हृदय रोग, स्ट्रोक, किडनी की बीमारी और अन्य गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित आहार लेने, नमक का सीमित उपयोग करने तथा प्रतिदिन योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े होने के कारण समाज को जागरूक करने की जिम्मेदारी भी उनकी है।

## 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में जागरूकता रैली

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले में राष्टीय डेंगू दिवस के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाली गई। कार्यक्रम के तहत मितानिन कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने शहर में जागरूकता रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता एवं सावधानी बरतने का संदेश दिया। रैली को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएस सिंह ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव ही सबसे बड़ा उपचार है और इसके लिए जनभागीदारी बेहद आवश्यक है। रैली में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को घर एवं आसपास पानी जमा न होने देने, पानी के बर्तनों को ढककर रखने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा बुखार आने पर तुरंत स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। जांच करें, सफाई रखें और ढककर रखें डेंगू को मिलकर रोकें जैसे नारों के साथ रैली शहर के विभिन्न मांर्गों से होकर निकली, जिससे लोगों में जागरूकता का संदेश पहुंचाया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिशिर जायसवाल,




जिला क्षय अधिकारी डॉ. वाशिक असदक, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. नम्रता चक्रवर्ती, आरबीएसके नोडल अधिकारी डॉ. अतीक सोनी, जिला मलेरिया सलाहकार संजीत सिंह, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद सुलेमान खान तथा प्रमेन्द्र कुमार सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई कि डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। जनजागरूकता और स्वच्छता अपनाकर ही डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में लॉटरी पद्धति से चयन

अम्बिकापुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ब्रह्मपारा में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय के सभा कक्ष में प्रवेश प्रक्रिया को लॉटरी के माध्यम से संपन्न किया गया। प्रवेश प्रक्रिया में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर प्रतिनिधि, आयुक्त नगर निगम डीएन कश्यप व जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी सिंह, विद्यालय के प्रवेश प्रभारी अमित कुमार अग्रवाल व समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कक्षा पहली से कक्षा नवमी तक कुल 53 रिक्तियां थी, जिसमें कक्षा



पहली में कुल 50 रिक्तियों में बीपीएल बालिका श्रेणी में 7 बीपीएल बालक श्रेणी में 6 अनारक्षित बालिका में 18 व अनारक्षित बालक में कुल 19 रिक्तियां थी। अन्य कक्षाओं में कक्षा चौथी में 1 व कक्षा सातवीं में 2 रिक्तियां थी। इनके विरुद्ध कल 272 ऑफलाइन 29 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें कुल 278 आवेदन वैध पाए गए थे। पहली कक्षा में कुल 84 प्राप्त वैध आवेदनों में लॉटरी के माध्यम से बीपीएल बालिका में 7 बीपीएल बालक में 6 अनारक्षित बालिका में 18 व अनारक्षित बालक में 19 बच्चों को प्रवेश दिया गया व बालक व बालिका दोनों श्रेणियां में 10-10 प्रतीक्षा सूची में सुरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार कक्षा चौथी में 1 व कक्षा सातवीं में 2 विद्यार्थियों को प्रवेश देते हुए कक्षा दूसरी से कक्षा नवमी तक 5-5 प्रतीक्षा सूची में स्थान सुरक्षित रखे गए हैं।

## अश्वनी ने संभाला दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पद का दायित्व



मनेन्द्रगढ़। शिक्षा, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के लिए प्रतिष्ठित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में नवनियुक्त प्राचार्य अश्वनी वर्मा के आगमन से विद्यालय परिसर में उत्साह एवं नवचेतना का वातावरण व्याप्त हो गया है। विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए इसे संस्था के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। श्री वर्मा उच्च शैक्षणिक योग्यता एवं बहुआयामी अनुभव से समृद्ध व्यक्तित्व हैं। उन्होंने अंग्रेजी विषय में एमए, एमएड तथा यूजीसी-नेट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं उत्कृष्टता के साथ उत्तीर्ण की हैं। शिक्षा क्षेत्र में लगभग 12 वर्षों तक विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए उन्होंने संस्थानों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेष बात यह है कि वर्ष 2002 से 2013 तक उन्होंने अर्धसैनिक बल एवं राष्टीय आपदा प्रबंधन विभाग अंतर्गत गृह मंत्रालय, भारत सरकार में भी महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। राष्टसेवा एवं प्रशासनिक अनुभव का यह अनूठा संगम उनके व्यक्तित्व को और अधिक प्रभावशाली एवं प्रेरणास्पद बनाता है। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में विद्यालय न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेगा, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता, नेतृत्व क्षमता एवं राष्टप्रेम जैसे मूल्यों का भी सुदृढ़ विकास होगा। पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्राचार्य श्री वर्मा ने कहा कि विद्यालय केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण एवं जीवन मूल्यों की आधारशिला है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों को संवेदनशील, जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक बनाना है।

## सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

**पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना के साथ मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**



क्षेत्र के हनुमान मंदिर परिसर सहित चिरमिरी क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर शनिवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए बरगद के वृक्ष की विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसरों में स्थित विशाल वट वृक्षों के पास सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर परिक्रमा की तथा पूजा कर दांपत्य जीवन की सुख-शांति की कामना की। हिंदू धर्म में वट वृक्ष को स्थायित्व, दीर्घायु और संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा का श्रवण भी किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार मद्र देश के राजा अश्वपति की पुत्री सावित्री ने सत्यवान को पति रूप में चुना था। देवर्षि नारद द्वारा सत्यवान की अल्पायु की जानकारी देने के बावजूद सावित्री अपने निर्णय पर अडिग रहीं और विवाह के बाद अपने पतिव्रत धर्म एवं तपस्या के बल पर यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले आईं। मान्यता है कि वट सावित्री व्रत की कथा सुनने और पूजा करने से विवाहित महिलाओं को अखंड सौभाग्य, परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पर्व को लेकर मंदिरों में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## जनजाति गरिमा उत्सव : 18 से 25 तक चलेगा जन अभियान

बैकुण्ठपुर। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 18 से 25 मई तक जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर विशेष जनजातीय जागरूकता एवं सेवा संतृप्ति अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्धेश्य दूरस्थ जनजातीय बहुल गांवों, विशेष रूप से पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत चिन्हित गांवों तक शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सामाजिक सुरक्षा तथा आजीविका से जुड़ी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जिला प्रशासन एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जनजाति गरिमा उत्सव के तहत गांवों में विशेष संतृप्ति शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर तथा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में सिकल सेल एवं टीबी जांच, विभिन्न योजनाओं के आवेदन, प्रमाण पत्र वितरण तथा हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा। अभियान के तहत निर्मित आदि सेवा केन्द्र को ग्रामीण जनजातीय समुदायों के लिए शिकायत निवारण, स्वास्थ्य सहायता, दस्तावेज निर्माण एवं सत्यापन, योजनाओं की जानकारी एवं फॉलोअप के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। पीएम जनमन के तहत प्रदेश के 1544 गांवों व धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित 6691 गांवों में जनभागीदारी के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत 18 मई को जिला मुख्यालय में अधिकारियों के ओरिएंटेशन एवं अभियान शुभारंभ के साथ होगी। 19 से 25 मई तक गांवों में संतृप्ति एवं पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। 20 मई को अधिकारियों, आदि कर्मयोगियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा विलेज इमर्शन ड्राइव के तहत गांवों का भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया जाएगा तथा जनसुनवाई की तिथि की जानकारी दी जाएगी। 21 से 23 मई तक आदि सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होंगे, इनमें प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। 24 मई को प्रगति प्रतिवेदन एवं प्रूफ कार्ड तैयार किए जाएंगे, जिनमें प्राप्त शिकायतें, निराकृत प्रकरण, लंबित मामलों एवं जिम्मेदार अधिकारियों का विवरण दर्ज होगा। अभियान का समापन 25 मई को समीक्षा बैठक के साथ किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### संभाग की सबसे...

मातृशक्तियों और श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगभग 100 नर्सिंग स्टाफ आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था के लिए यात्रा के साथ पैदल चलते रहे। वहीं ड्रोन के माध्यम से हनुमान स्वरूप द्वारा पुष्पवर्षा की गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। रामरथ में भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान जी की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वयं कलश यात्रा की अगवानी करते नजर आए। उन्होंने कहा कि चिरमिरी में आज जो दृश्य देखने को मिला, वह ऐतिहासिक है और यह भव्य आयोजन आने वाली पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने मातृशक्तियों की भारी भागीदारी को नारी सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। कलश यात्रा में कोरिया, चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, झगराखांड, खोंगापानी, लेदरी, पटना, बैकुंठपुर, चरचा, खड़गवां सहित मध्यप्रदेश के शहडोल क्षेत्र से आए महिलाओं के जत्थे भी शामिल हुए। यात्रा में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने आयोजन की गरिमा को और भव्य बना दिया। 26 मई तक होगी कथा- 17 से 26 मई तक चिरमिरी में परम पूज्य जगतगुरु श्री रामभद्राचार्यजी के श्री मुख से राम कथा का वाचन किया जाना है। भव्यता, आस्था, अनुशासन और जनसहभागिता का ऐसा संगम चिरमिरी में पहली बार पूरे कथा के दौरान देखने को मिलेगा, जिसने इस कलश यात्रा को सरगुजा संभाग के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल कर दिया है।

### जिला अधिवक्ता संघ...

व्यवस्था, समृद्ध लाइब्रेरी, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू किए जाने तथा सामूहिक बीमा योजना की मांग मुख्य अतिथि के समक्ष रखी। समारोह में वर्ष 2026 के लिए जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, उपाध्यक्ष पुरूष वर्ग विनय पाठक, उपाध्यक्ष महिला वर्ग महजबीन खान, सचिव आशीष सिंह, सह-सचिव प्रदीप शर्मा तथा कोषाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अधिवक्ता प्रहलाद श्रीवास्तव, आलोक अग्रवाल, आशीष राय एवं राजेश गुप्ता, पुस्तकालय प्रभारी के रूप में यारसाय रजवाड़े तथा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के रूप में अधिवक्ता सविता गुप्ता, महिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मंजू बेनी और पूनम गुप्ता ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ करने की शपथ ली। अधिवक्ता संघ के संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र सिंह ने मनेन्द्रगढ़ को सिविल जिला घोषित किए जाने सहित अधिवक्ताओं से जुड़ी अन्य आवश्यक मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में न्यायिक सुविधाओं के विस्तार के लिए यह आवश्यक कदम है। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अधिवक्ता समाज, लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने विश्वास जताया कि अध्यक्ष मनोज त्रिपाठी एवं सचिव आशीष सिंह के नेतृत्व में जिला अधिवक्ता संघ नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। मंत्री ने मंच से रखी गई विभिन्न मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

## संलग्नीकरण के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले के कई शासकीय स्कूलों में वर्षों से व्याख्याताओं और शिक्षकों का संलग्नीकरण छात्रावासों एवं अन्य विभागीय कार्यों में किए जाने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक स्कूल शिक्षक विहीन या फिर अतिथि शिक्षकों के भरोसे संचालित हो रहे हैं, इससे शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिरती जा रही है।

जिले के कई शिक्षक और व्याख्याता मूल पदस्थापना वाले स्कूलों में पढ़ाने के बजाय छात्रावासों में अधीक्षक अथवा कार्यालयीन कार्यों में संलग्न हैं। परिणाम स्वरूप कई स्कूलों में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। कहीं एक ही शिक्षक पूरे स्कूल की जिम्मेदारी संभाल रहा है, तो कहीं छात्रों को नियमित कक्षाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि शिक्षा विभाग की लापरवाही का सीधा असर बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है। छात्र नियमित अध्ययन से वंचित हो रहे हैं और परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहे हैं। कई स्थानों पर स्कूलों की व्यवस्था पूरी तरह अतिथि शिक्षकों के सहारे चल रही है, जिनकी नियुक्ति भी अस्थायी होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से चल रहे संलग्नीकरण के पीछे सुविधा और सेटिंग का खेल चल रहा है। जिन शिक्षकों की नियुक्ति विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए हुई थी, वे लंबे समय से अन्य कार्यों में लगे हुए हैं, इससे न केवल स्कूलों में शिक्षकों की कमी बढ़ी है, बल्कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि शिक्षकों को लगातार गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाएगा, तो सरकारी स्कूलों में शिक्षा स्तर सुधारना मुश्किल होगा। उन्होंने शासन और शिक्षा विभाग से तत्काल समीक्षा कर ऐसे सभी संलग्नीकरण समाप्त करने तथा शिक्षकों को उनके मूल पदों पर वापस भेजने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बच्चों का भविष्य किसी भी प्रकार की सुविधा, प्रभाव या व्यवस्थागत समझौते से बड़ा है और शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाना बेहद जरूरी हो गया है।

### लाइफ साइंस स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को दी गई बिदाई

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लाइफ साईंस स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में श्री शिरडी साई शिक्षण समिति के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए योग्यता के अनुसार अवसर उपलब्ध हैं, उन्हे अपनी योग्यता साबित करनी है। ज्योतिषशास्त्र, खगोल, भूगोल, समाजशास्त्र की प्रत्येक कड़ी विज्ञान से जुड़ी है और इसी कड़ी में आपकी भागीदारी होने वाली है।प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए सफलता पाने के कई अवसर हैं। अब दुनिया एक गांव के रूप में बदल चुकी है और दूरियां मिट चुकी हैं। तकनीकी ने सभी को एक मंच पर ला दिया है, इसमें अपनी योग्यता साबित करना विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द तिवारी ने कहा कि आपकी सफलता हमें गौरवान्वित करती है। आप सफल हों और अपनी से सफलता से हमें अवगत करायें। आप षोधकर नया कॅरिअर अपना सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,
01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त